हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 शीतला स्कूल के 12 विद्यार्थी मेरिट सूची में



12 पानी की किल्लत सलारा मोहल्लावासियों ने ....






## शहर में आज

- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं जाएंगी सुबह 11 से 1 बजे तक
- नगर निगम शहर में विशेष सफाई अभियान चलाएगा सुबह 9 बजे से
- जन स्वास्थ्य विभाग पानी के अवैध कनेक्शन के खिलाफ अभियान चलाएगा

## खबर संक्षेप

### एमडीयू छात्रा आईडीएमए में करेगी इंटर्नशिप



**रोहतक।** मदवि के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा भावना का चयन मनोहर पार्रीकर इंस्टीटयूट आफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसस (आईडीएमए) में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि भावना की इस प्रतिष्ठित संस्थान में इंटर्नशिप 6 माह की अवधि के लिए एक अगस्त 2024 से प्रारंभ होगी।

### एक दिन में तीन लाख यूनिट पावर की खपत बढ़ी, अभी और बढ़ोतरी होगी

# पारा 42 डिग्री, अब शहर में रुला रहा बिजली संकट, आईएमटी में भी 30 घंटे बंद रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक का तापमान बुधवार को 42 डिग्री सेल्सियस को लांघ गया। आने वाले दिनों में तीन-चार डिग्री की बढ़ोतरी और होने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो फिर रोहतक सर्कल बिजली वितरण निगम की व्यवस्था पूरी तरह से डगमगा जाएगी। बीते चौबीस घंटे में बिजली की खपत 70 लाख 15 हजार यूनिट से बढ़कर 73 लाख 9 हजार तक पहुंच चुकी है। यानि करीब 3 लाख यूनिट की खपत बढ़ी है। तापमान ऐसे ही आसमान की ओर जाता रहा तो पॉवर की डिमांड और बढ़ेगी। ऐसे में बिजली निगम के सामने संकट खड़ा होना लाजिमी है। फिलहाल भी शहर के हालात बिजली को लेकर काफी खराब हो चुके हैं। ये पता नहीं चलता है कि बिजली कितनी बार आई और गई। ध्यान रहे कि शहर में पीने के पानी का जो संकट गर्मी शुरू होने से पहले ही शुरू हुआ था, अब और ज्यादा बढ़ गया है। और बिजली की दिक्कत ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। बिजली कटों से ना केवल रिहायशी इलाकों में लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। बल्कि आईएमटी में बिजली का संकट है। बताया जा रहा है कि 30 घंटे तक सप्लाई बंद रही है। बताया जा रहा है कि दो फीडर में एक साथ फाल्ट आने की वजह से इतने लंबे समय तक सप्लाई नहीं दी जा सकी।



### कंट्रोल रूम पर 400-600 शिकायतें आ रही

पिछले एक सप्ताह से औसतन कंट्रोल रूम पर 400 से 600 तक शिकायतें आ रही हैं। दो तीन दिन पहले आंधी की वजह से जनता जनार्दन को ब्लैक आउट का सामना करना पड़ा था। घनीपुरा के राजेंद्र, दुर्गा कालोनी के शिवम, तिलकनगर के वेद प्रकाश ने बताया कि रात के वक्त 11 बजे से सुबह आठ बजे तक हर आधे घंटे बाद बिजली के कट लग रहे हैं।

### बिजली कटों की गिनती करना मुश्किल

बिजली वितरण निगम के रोहतक सर्कल कार्यालय से प्राप्त डाटा के मुताबिक गत 9 मई को निगम ने 76.91 लाख यूनिट, 10 को 76.84, 11 को 54.03 की सप्लाई दी गई। 10 की बजाय 11 मई को खपत में 22 लाख की कमी इसलिए आई कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से मौसम बदला था। बूंदाबांदी हुई तो तापमान में कमी आ गई। जिससे खपत भी कम रही।12 मई को 71.23 लाख, 13 को 70.15 और 14 को 73.09 लाख यूनिट की सप्लाई देने के बाद भी बिजली कटों की गिनती करना मुश्किल है।

### आधी रात में 400 केवी कबुलपुर से आपूर्ति बाधित

बुधवार को आधी रात में 400 केवी कबुलपुर से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके कारण रात को भी बिजली संकट गहरा गया। रोहतक शहर के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली अधिकारियों कहना है कि बिजली आपूर्ति बहाल होने में 2-3 घंटे तक का समय लग सकता है। लोगों से अनुरोध है कि वे ऐसी स्थिति में धैर्य बनाए रखें।

### सेक्टर एक, तीन, मॉडल टाउन में कम वोल्टेज

सेक्टर एक, तीन और मॉडल टाउन समेत शहर के अन्य इलाकों में कम वोल्टेज की बिजली आने की वजह से उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे। हालांकि बिजली निगम के अधिकारी बिजली कटौती की बात को नकार रहे हैं, मगर बिजली के कम वोल्टेज की वजह से ट्रांसफार्मर में कोई तकनीकी खराबी होना बता रहे हैं। बिजली कटों पर निगम अफसरों का तर्क है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देने के लिए मरम्मत कार्य समेत ट्रांसफार्मरों की क्षमता को भी बढ़ाया जा रहा है। मरम्मत कार्य के चलते कुछ एरिया में ब्रेक डाउन लिया जाता है। इसकी सूचना पहले से ही उपभोक्ताओं को दी जाती है। ताकि उन्हें मालूम कि कट मरम्मत की वजह से लगाया गया है।

### इन कॉलोनियों में ज्यादा दिक्कत

बैंक कॉलोनी,गांधी नगर, घनीपुरा,कबीर कॉलोनी, सेक्टर 4, सेक्टर 2, खोखराकोट, डेयरी मोहल्ला, माता दरवाजा, तेज कॉलोनी,जसबीर कॉलोनी, पटवार खाना, सर्कुलर रोड समेत कई कॉलोनियों के लोगों ने बताया कि बिजली के कट लगने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते तीन दिन से हालात काफी खराब हो गया है, ऐसे लोगों ने कहा है।

### औद्योगिक एरिया में भी संकट बढ़ा

बिजली को लेकर औद्योगिक एरिया में भी दिन-प्रतिदिन संकट बढ़ रहा है। जिससे उद्योग पर ना केवल प्रतिकूल असर पड़ता है। बल्कि बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि एक साथ दो फीडर में में फाल्ट आने की वजह से आपूर्ति 30 घंटे तक बंद रही। बुधवार को इस बारे में बिजली वितरण निगम के अधिकारियों से बातचीत की और समस्या वे अवगत करवाया। नांदल ने कहा कि अफसरों ने आश्वासन दिया है कि आईएमटी में 24 घंटे बिना कट के बिजली की आपूर्ति दी जाएगी। **-जोगेंद्र सिंह नांदल**, आईएमटी उप प्रधान



सड़क से नीचे उतरी टेंपो ट्रैवलर बस

### खरावड़ बाईपास पर पशु बचाने के चक्कर में हादसा

# वर्कर्स से भरी बस सड़क से 15 फीट नीचे उतरी, सभी बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली रोड स्थित खरावड़ बाईपास पर पशु को बचाने के चक्कर में वर्कर्स से भरी टेंपो ट्रैवलर बस अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 15 फीट नीचे उतर गई। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वर्करों को गाड़ी से नीचे उतारा। गनीमत यह रही कि इस हादसे में टेंपो ट्रैवलर बस सवार बाल-बाल बच गए।

बता दें कि रोहतक में वर्कर्स से भरी टेंपो ट्रैवलर बस अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 15 फीट गहराई में उतर गई। हादसा उसे समय हुआ जब टेंपो ट्रैवलर बस में 17 वर्कर सवार होकर रोहतक से बहादुरगढ़ जा रहे थे। बीच रास्ते में खरावड़ बाईपास के नजदीक अचानक सामने गाय आने के कारण बस अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे खाई में उतर गई। टेंपो ट्रैवलर बस के ड्राइवर संजय ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को वह बस में बहादुरगढ़ की एक प्राइवेट कंपनी के वर्करों को लेकर जा रहा था। बस में 17 वर्कर्स सवार थे। रोहतक से बहादुरगढ़ जाते समय खरावड़ बाईपास के पास अचानक बस के सामने एक गाय भागते हुए आ गई। उसने पशु को बचाने का प्रयास किया तो बस अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई।

### की जा रही जांच

खरावड़ बाईपास के नजदीक एक टेंपो ट्रैवलर बस का एक्सीडेंट हो गया। बस ड्राइवर ने यह हादसा भागते हुए पशु के अचानक बस के सामने आने के कारण होना बताया है। पुलिस जांच कर रही है। **-सुरेंद्र**, खरावड़ पुलिस चौकी प्रभारी





फिटनेस फंडा / करण मेहरा

# डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

## फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

## डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशन फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

## वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

## करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

## रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

## ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

# लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन







आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

## बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

## हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



## हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

## हाई बीपी से बचाव के उपाय

हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर

अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

-अंजू जैन

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही



**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

-अजेश कुमार

डिजीज

डॉ. अरु हांडा
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

# ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट





जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं। पहले सह समझना जरूरी है कि आखिर यह रोग होता क्या है?

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों की तीव्रता के आधार पर साइनस को विभिन्न रूपों में बांटा जा सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर एसी वाले कमरे से बाहर निकलकर तेज धूप में जाना हो तो आधा घंटे पहले एसी बंद कर दें। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से बचाव आसान हो जाएगा। *

प्रस्तुति:विनीता


प्रिकॉशन

शिखर चंद जैन

तपती गर्मी के मौसम में धूप में ज्यादा समय रहने से हीट वेव या लू लगने का रिस्क रहता है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार ना किया जाए तो पेशेंट की कंडीशन बिगड़ सकती है। इस बारे में आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

# हीट वेव से रहें सावधान





इन दिनों देश के कई राज्यों में हीट वेव यानी लू चल रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में तापमान और भी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहना चाहिए, वरना तमाम बीमारियों और यहां तक कि डेथ का भी जोखिम हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 1998-2017 तक लू के कारण दुनियाभर में 1,66,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और अन्य कई कारणों से हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हीट वेव की वजह से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा रिस्क होता है।

**क्या है हीट वेव :** जब तापमान 40 डिग्री के पार कर जाता है और गर्म हवाएं चलने लग जाती हैं, तो इसको हीट वेव यानी लू कहते हैं। इतने तापमान में लगातार कई घंटों तक धूप में रहने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। आमतौर पर 40 डिग्री से अधिक तापमान में तीन से चार घंटे लगातार रहने के बाद शरीर में हीट वेव का असर दिखना शुरू हो जाता है।

**किडनी-हार्ट पर पड़ता है असर:** अधिक गर्मी की वजह से पसीना ज्यादा निकलता है और शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। अगर इस दौरान कोई व्यक्ति पानी नहीं पीता है तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इससे किडनी के फंक्शन पर असर पड़ने लग जाता है और किडनी फेल भी हो सकती है। इसी प्रकार हार्ट को भी जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, रक्त गाढ़ा हो जाता है और धमनियां कड़ी हो जाती हैं तो इससे हार्ट फेल्योर हो सकता है।

**लू लगने के लक्षण :** हीट वेव यानी लू की चपेट में आने से अचानक तेज सिर दर्द होना, पसीना बहुत ज्यादा आना या बिल्कुल न आना, चक्कर आना, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ब्लडप्रेशर लो हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषतः ब्रेन) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति कोमा में जा सकता है और उसके शरीर के एक-एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं और उस व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

**क्या करें :** गर्मी के मौसम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। लगातार थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए, कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। जहां तक संभव हो, ब्लड प्रेशर पर नजर रखें। ठंडे पानी से नहाएं। फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें। *

(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

घरेलू औषधि

# गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन



गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। कुछ लोग कोल्ड ड्रिंक भी पीते हैं। हालांकि इससे कुछ ठंडक तो महसूस होती है लेकिन इसका शरीर पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। कुल्फी, नारियल पानी, शिकंजी, गन्ने का रस की मांग भी बढ़ जाती है। इनके अतिरिक्त गर्मियों में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम आदि प्रमुख हैं। इसके सेवन के तरीके भी अलग-अलग हैं। कोई कालीमिर्च और नमक मिलाकर आटे की तरह गूंथ (गूंद कर) प्याज के साथ या पानी में घोलकर नीबू का रस मिलाकर और कुछ लोग तो इसमें घी और शक्कर मिलाकर खाते हैं। गर्मी में कैसे भी खाएं, सत्तू लाभ ही करेगा।

**कई तरह से फायदेमंद:** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है। इसमें मिलने वाले आयरन की मात्रा चेहरे की झुर्रियों को कम करने के साथ-साथ बालों का रूखापन हटाकर इसे झड़ने से रोकने में मददगार है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है।

**ऐसे करें सेवन:** लू लगने से बीमार व्यक्ति को सत्तू के घोल में जरा सा नमक और नीबू मिलाकर दिया जाए तो तुरंत ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करने में मददगार होता है। इसमें मिलने वाला फाइबर पेट को साफ करता है और पाचन में सहायक है। कब्ज से परेशान लोगों के लिए तो यह रामबाण है। अपचन के लिए यह असरकारी होता है। *

-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

खबर संक्षेप

## दुकान से 13 लाख 56 हजार के फोन चोरी

**रोहतक।** अशोका चौक स्थित मुंजाल कॉम्पलेक्स में एक दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का पूरा मामला दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। सेक्टर-2 निवाली सुमित अरोड़ा ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अशोका चौक मुंजाल कॉम्पलेक्स में मेरी मोबाइल फोन की दुकान है।



## छा गई भालौठ सरकारी स्कूल की छात्राएं

**रोहतक।** शहीद हरिओम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भालौठ का 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या कुसुमलता ने बच्चों ने उज्जवल भविष्य की कामना की। सरपंच कुलदीप फोगाट सहित अध्यापकों ने छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। कक्षा 12वीं की छात्रा रेनू ने 464 अंकों के साथ प्रथम स्थान, मुस्कान ने 445 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और कीर्ती ने 443 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रिया व ज्योति ने 433 अंक लेकर पहला, रिया ने 431 अंकों के साथ दूसरा और कशिश ने 428 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### चुनाव के बारे में शिकायतें व सुझाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया

# लोकसभा चुनावः सी-विजिल पर 809 शिकायतें, 622 का निपटारा, 182 ड्रॉप

622 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है एवं 5 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए आयोग द्वारा विकसित की गई सी-विजिल मोबाइल ऐप पर अभी तक जिला में 809 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 182 शिकायतों को ड्रॉप किया गया है तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सही पाई गई 622 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है एवं 5 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है।

डीसी ने बताया कि चुनाव के बारे में शिकायतें व सुझाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 01262-230252 है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल ऐप विकसित की गई है। इस ऐप के माध्यम से आमजन को चुनाव पर्यवेक्षक के समान एक शक्ति प्रदान की गई है, जिस पर व आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते है।



**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार

### ऐसे डाउनलोड करें ऐप

डीसी के मुताबिक नागरिक गूगल प्ले स्टोर से इस एप्लिकेशन को एंड्राइड फोन तथा ऐप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम पोर्टल पर भी डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड, स्टेटिक सर्विलांस टीमों की लाइव जानकारी रहती है। और सी-विजिल एप पर जिस स्थान से शिकायत प्राप्त होती है तो निकट टीमें तुरंत वहां पहुंचेंगी।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधित्वों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन



**रोहतक।** सहायक रिटर्निंग अधिकारियों व राजनीतिक पार्टियों/चुनाव प्रत्याशियों की मीटिंग लेते हुए रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी, रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार, झज्जर के जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह तथा लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों व राजनीतिक पार्टियों/चुनाव प्रत्याशियों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपैट द्वितीय रेंडमाइजेशन की गई। इसके तहत सभी विधानसभाओं के मतदान केंद्रों को बीयू, सीयू व वीवीपैट अलॉट की गई तथा 20-20 प्रतिशत बीयू व सीयू तथा 30 प्रतिशत वीवीपैट यूनिट को आरक्षित किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी व रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हाल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों एवं वीवीपैट यूनिटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। द्वितीय रेंडमाइजेशन के तहत रोहतक लोकसभा के सभी मतदान केंद्रों को बीयू, सीयू एवं वीवीपैट यूनिटें अलॉट की गई। निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बैलेट यूनिट व कंट्रोल युनिट तथा वीवीपैट का क्रमशः 20-20 व 30 प्रतिशत आरक्षित के साथ रेंडमाइजेशन किया गया। रोहतक लोकसभा क्षेत्र-07 में 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिसके लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दो-दो बैलेट यूनिट प्रयोग में लाई जाएगी। रेंडमाइजेशन के तीसरे चरण के उपरांत सभी राजनीतिक दलों/चुनाव प्रत्याशियों के उपस्थित प्रतिनिधियों की सहमति से रेंडमाइजेशन को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं कलानौर विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, रोहतक विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।



## चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम के बच्चों ने अव्वल अंकों से उत्तीर्ण की 10वीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम के 10वीं कक्षा बोर्ड के परिणाम में आश्रम के दो विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल कर आश्रम में कार्यरत स्टाफ व प्रबंधन का नाम रोशन किया है। बता दें कि आश्रम में पढ़ रहे 10वीं कक्षा के पांचों विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। दो विद्यार्थी दीपांशु व विकास ने 83 प्रतिशत व 82 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट प्राप्त की है। संदीप कुमार ने बताया कि तीन साल पहले बाल कल्याण समिति के माध्यम से रोहित नामक विद्यार्थी जिसने कोविड में अपने माता पिता दोनों को खो दिया था प्रवेश हुआ था। लड़के की स्थिति गंभीर थी। अच्छे रख रखाव, उत्तम भोजन व साधनों से उसने भी 78 प्रतिशत अंक लेकर 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बाकी के दो विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। उनकी इस सफलता से आश्रम में खुशी की लहर है। आश्रम के मंत्री युवराज सिहं, राजरूप राठी, कुलदीप सिन्धु तथा मैनेजर संदीप कुमार, जयवीर नांदल व अजीत शास्त्री ने माला पहना कर पांचों का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। बाल संरक्षण अधिकारी व बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने भी बधाई दी।

## जनता मन बना चुकी है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगीः गुलशन ईशपुनियानी



गुलशन ईशपुनियानी

**रोहतक।** शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान और कांग्रेस नेता गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा की सभी 10 सीट जीतेगी। भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और जनता मन बना चुकी है कि केंद्र में इस बार कांग्रेस की सरकार आएगी। रोहतक की बात करें तो यहां से जब दीपेंद्र हुड्डा सांसद थे तो विकास के भरपूर काम हुए। गुलशन ईश्पुनियानी ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा के 17 शहरों में बाईपास बनवाए। अरविंद शर्मा बार-बार रोहतक तक मेट्रो लाने की बात करते हैं, लेकिन 10 साल में साखौल गांव में बनवाया गया मेट्रो का आखिरी खंबा वहीं का वहीं खड़ा है एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा। गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि लोकसभा ही नहीं विधानसभा में भी जीत हासिल करेगी। हर रोज भाजपा और अन्य दलों के नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इससे साफ है कि देश और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाएगी और हरियाणा में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री होंगे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम अव्वल

**रोहतक।** केंद्रीय विद्यालय रोहतक में सीबीएसई परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय के 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 41 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं से कुल 109 बच्चों ने परीक्षा दी, जिनका परिणाम 97.4 प्रतिशत प्रतिशत रहा।

कक्षा बारहवीं से कुल 86 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनका परिणाम 98.8 प्रतिशत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं से ख़ुशी झा ने 96.4 प्रतिशत, चेतन 94.8 ने प्रतिशत, प्राची 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी तरह से बारहवीं विज्ञान संकाय से कसक ने 97.4 प्रतिशत, कार्तिक कुंडु 95.6 प्रतिशत, खुशी 95 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय से मानसी ने 89.4 प्रतिशत, मयंक ने 87 प्रतिशत, नैना ने 86.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## 20 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक




**रोहतक।** हैफेड रोड प्रेम नगर स्थित हिमालयन हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल निदेशक कृष्ण कुमार दहिया ने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक 20 विद्यार्थियों ने, 80 प्रतिशत से ऊपर 22 विद्यार्थियों ने अंक हासिल किए। तन्नू भारद्वाज, वैशाली, शिवानी बजाड़, रीतिका बजाड़ ने 99 प्रतिशत अंक, तमन्ना, मुस्कान ने 98 प्रतिशत अंक, हिमांशिका, प्रतिभा, विनित बजाड़, रिधम राठी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। मुख्याध्यापिका संतरा दहिया ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कृष्ण कुमार दहिया और सभी अध्यापकों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

## दिव्यजोत ने स्केटिंग में जीता रजत पदक



**रोहतक।** गोवा में स्केटिंग के छठे नेशनल फेडरेशन कप का आयोजन किया गया, जो 10 मई से 12 मई तक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में हरियाणा सहित 12 राज्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें हरियाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दा आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्रा दिव्यजोत ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला व प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने दिव्यज्योत के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी दिव्यजोत की तरह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## सीबीएसई वार्षिक परीक्षाओं में छाए आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



आर्यन



आदित्य।



छवि।



तनिषा।

सीबीएसई द्वारा घोषित किये गये कक्षा दसवीं और बारहवी के परीक्षा परिणाम में आर्य स्कूल मदीना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। 12वीं कक्षा से भराण गांव के आर्यन व मदीना गांव के आदित्य ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि विद्यालय के छात्र साहिल ने 93 प्रतिशत, छवि ने 94 प्रतिशत, रवीना ने 91प्रतिशत, प्रीत, स्वीटी और प्राची ने 90 फीसदी अंक हासिल किए। इसके अतिरिक्त 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 34 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार दसवीं कक्षा की छात्रा तनिषा ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 18 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 29 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्राचार्य अशोक दांगी ने सभी विधार्थियो को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमेशा की तरह वर्तमान सत्र में भी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। यह सब स्कूल के विद्यार्थियो की लग्न और अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है।

## चिड़ी की डॉ. निशा दलाल सेना में अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गांव चिड़ी की निशा सेना में अधिकारी भर्ती हो गई हैं। इन्होंने इससे पहले एमबीबीएस की। कॅरियर के हिसाब सिविल मेडिकल क्षेत्र में काफी नाम निशा रोशन कर सकती थी। लेकिन इन्होंने सेना को ही अपना कॅरियर बनाया। इनका कहना है कि देश सेवा करने का मौका सभी को नहीं मिलता है। इनके पिता दिलबाग सिंह दलाल भी सेना से ही ऑनरी कैप्टन रिटायर हैं। पिता दिलबाग भी डॉ. निशा के लिए सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने। निशा के कमिशनिंग सेरेमनी गत 7 मई को अंबाला छावनी में आयोजित की गई। जहां कैप्टन का रैंक देकर इन्हें सम्मानित करके मेडिकल कोर में ज्वाइन करवाया गया। ध्यान रहे कि डॉ. निशा की बड़ी बहन आशा भी सेना मेडिकल आर्मी कोर में देश सेवा कर रही हैं और इस समय हिसार छावनी में तैनात हैं। निशा का परिवार जींद बाईपास स्थित अनंतपुरम सोसायटी में रहता है। दूसरी बेटी भी सेना में अधिकारी भर्ती होने पर लोग निशा के परिवार को बधाईयां दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि दोनों बहनों ने साबित कर दिया है कि बेटियां ना केवल बेटों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चल रही हैं।

## शत प्रतिशत रहा डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 248 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की परीक्षा दी। छात्र मन्नत ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्वेषा व शगुन ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा प्रगति ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। गणित विषय में मन्नत, अनिशा, अन्वेषा, दीक्षिता, दिव्यम गुप्ता, तेजस तंवर व राहुल मुंडे ने 100 अंक, साईंस में मन्नत ने 100 अंक, सामाजिक अध्ययन में अन्वेषा व वैभव जोशी ने 99 अंक, इंग्लिश में मन्नत व शगुन ने 99 अंक, कम्प्यूटर में दिव्यांश दुआ तथा मन्नत ने 99 अंक तथा हिन्दी में मन्नत व चेतना ने 96 अंक प्राप्त किए। चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रीतमपाल वीके चोपड़ा, आभा गांगल, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सुनीता बहल, प्रधानाचार्य शंकर लाल ने सभी स्टॉफ सदस्यों, अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

**रोहतक।** पटेल नगर स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल डायरेक्टर शांति लाल भ्याणा ने बताया कि परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 25 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। वहीं 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 17 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस परीक्षा में रूपाली ने 474 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अरूण ने 467 अक प्राप्त कर दूसरा स्थान, तनीषा ने 453 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान, पूजा ने 451 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान, सागर ने 450 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया।



### मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानितः

सांपला। हसनगढ़ डीएवी स्कूल में बुधवार को बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दसवीं में नेहा, प्रवीण, रिची, छवी, विधी, रुचिका आदि विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुलदीप, प्राचार्य वजीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## शीतला स्कूल के 12 विद्यार्थी मेरिट सूची में



**महम।** मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाने वाले छात्र का मुंह मीठा करवाती शीतला स्कूल लाखन माजरा की प्रिंसिपल कविता नरवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए 12 वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में लाखन माजरा के शीतला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बारहवीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। बाक़ी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। कुमारी कीमती ने साइंस में और कुमारी मानवी ने आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेरिट आने वाले विद्यार्थियों में कीमती, मानवी, अमन,हिमांशु, पीयूष, राधिका, निलोफ़र, अस्मिता, अंकित, वर्षा, निशिता और जानवी के नाम शामिल हैं। विद्यालय की प्राचार्या कविता नरवाल ने सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी और प्रतिभावान बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### 12वीं में 25 और 10वीं में 22 छात्रों ने हासिल की मेरिट



रोहतक। शीतल स्पोर्टस सीनियर सेकेंडरी स्कूल किलोई में 12वीं और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवी में जतिन ने विज्ञान संकाय में 93 प्रतिशत और वंशिका ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बारहवीं में कुल 48 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इसी तरह 10 वीं में शुभम ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 10वीं में 50 छात्रों में से 22 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। विद्यालय निदेशिका राजवंती हुड्डा तथा प्रधानाध्यापक अनिल हुड्डा ने अभिभावकों और छात्रों को शुभकामनाएं दी। सभी विद्यार्थियों को मिठाई बांटी।



## खबर संक्षेप

### राजेश बैरागी बसपा से निष्कासित किए

**रोहतक।** राजेश बैरागी जो बहुजन समाज पार्टी का रोहतक लोकसभा का उम्मीदवार बनाए थे, उन्होंने नामांकन वापस लेकर बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ धोखा किया। जिलाध्यक्ष हवा सिंह सभ्रवाल ने बताया कि राजेश कुमार बैरागी को बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### समर गोपालपुर में जागरूकता अभियान

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में कॉलेज द्वारा गोद लिए गांव समर गोपालपुर में आउटरीच प्रोग्राम की संयोजिका डॉ. मधु, डॉ. ज्योति व टीम सदस्य मीनू, डॉ. अंजु, डॉ. सुदेश, इंदु की देखरेख में ड्रग्स निषेध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित करते हुए समर गोपालपुर के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से ग्राम वासियों को बताया कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है, नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है।

# पानी को तरसा शहर, सलारा मोहल्ले में बर्तन सड़क पर रख जाम लगाया

## पुलिस के समझाने के बाद माने लोग-कहा दोबारा समस्या हुई तो सख्त कदम उठाएंगे

■ बार बार अधिकारियों से शिकायत के बाद समाधान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





पानी की सप्लाई न आने से परेशान सलारा मोहल्लावासियों ने बुधवार को जाम लगा दिया। निवासी खाली बर्तन लेकर सड़क पर बैठ गए और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने जाम खोलने से साफ मना कर दिया। उनका कहना था कि जब तक पानी विभाग के अधिकारी मौके पर आकर उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं करते जाम नहीं खोलेंगे। इसके बाद विभाग के अधिकारियों को फोन किया गया और पानी की सप्लाई सुचारू रूप से आने के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोला। शहर में पानी की किल्लत किस कदर बढ़ रही है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को पानी की समस्या से जूझ रहे पाड़ा मोहल्लावासियों ने भी जाम लगा दिया था।

### 4 बजे लगाया जाम

बता दें कि सलारा मोहल्ला में पिछले कई दिनों से पीन का पानी नहीं आ रहा। बार बार अधिकारियों से शिकायत के बाद समाधान नहीं हो रहा। जिससे तंग आकर लोग बुधवार को सड़क पर उतर आए और जाम लगा दिया। निवासियों ने प्रशासन और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

इतना ही नहीं खाली बर्तन लेकर महिलाएं सड़क पर बैठ गई और रोष प्रकट किया। पुलिस के समझाने और विभाग से मिले आश्वासन के बाद लोगों ने करीब एक घंटे बाद जाम खोला। लोगों द्वारा जाम लगाने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गए, जिससे लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में परेशानी हुई। वहीं पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### रोजमर्रा के कार्यों में हो रही परेशानी

निवासी राजेश, सुरेश, अंकित, मोहित आदि ने कहा कि पानी न आने से रोजमर्रा के कार्य करने में दिक्कत हो रही है। पीने का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। गर्मियों की वजह से समस्या और भी विकट हो जाती है। प्रशासन को चाहिए कि पानी की सप्लाई सुचारू रूप से रखे जिससे कि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा से हुई तो दोबारा सख्त कदम उठाया जाएगा।

### लोस चुनाव में रोहतक सहित सभी 10 सीटें जीतेगी भाजपा : पुष्कर धामी

**रोहतक।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने रोहतक में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पुष्कर धामी ने यहां भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार चुनाव में दो रूप जनता के सामने हैं। पहली भाजपा है जो देश को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल बिना रुके देश के लिए काम किया और पूरी दुनिया में भारत की अलग पहचान बनाई। चुनाव में दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता हैं जो अपने परिवार को प्रथम मानकर काम करते हैं। कांग्रेस नेता खुद के परिवार का भला चाहते हैं, देश और जनता से उन्हें कुछ लेना देना नहीं। पुष्कर धामी ने कहा कि वे हरियाणा में घूमा, अलग-अलग जगहों पर गया। रोहतक में भी दौरा किया। जनता की राय और उत्साह देखकर यह पक्का है कि हरियाणा में रोहतक समेत सभी 10 भाजपा जीत रही है। हरियाणा की जनता ने परिवारवाद को छोड़कर विकासवाद को अपनाया है। यही कारण है कि इस बार रोहतक लोकसभा सीट से सांसद डॉ. अरविंद शर्मा दोबारा इतिहास दोहराएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मंत्री वीरेन रोहिला, अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी, रोहतक लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, संदीप जोशी, भाजपा प्रवक्ता नेहा धवन, भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, रोहतक मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।



रोहतक। योग शिविर में मौजूद ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी रेजिडेंट्स वैलफेयर समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### योग शिविर में 76 साधकों ने लिया हिस्सा

**रोहतक।** ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी रेजिडेंट्स वैलफेयर समिति व भारतीय योग संघ द्वारा शिव पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूसरे दिन बुधवार को 76 साधकों ने भाग लिया। इस मौके पर अशोक, मोनू भाटिया, विकास, जवाहर खुराना, सोमनाथ शर्मा, भूप सिंह, दिलीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांगेस ने दस साल तक किसी की सुध नहीं ली : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान अगर ईमानदारी से काम किया होता तो आज सार्वजनिक मंचों पर हुड्डा परिवार को इस तरह रोना नहीं पड़ता, लेकिन दस साल तक तो उन्होंने किसी की सुध नहीं ली और परिवारवाद को बढ़ावा दिया। यहां तक कि खर्ची-पर्ची को आज भी लोग नहीं भूले हैं। नौकरी पाने के लिए लोगों ने अपनी जमीन-जायदाद तक बेची है। साथ ही अरविंद शर्मा ने यह भी कहा कि देश की जनता को यह भी पता है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री चुनने का है ना कि मुख्यमंत्री चुनने का, लेकिन पूर्व सीएम हुड्डा एक ही बात को बार बार दोहराते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का रास्ता तय होगा। साफ है कि झूठ का सहारा लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन देश व प्रदेश की जनता को मोदी सरकार की गारंटी पर पूरा भरोसा है और भाजपा चार सौ पार का आंकड़ा पार करेगी।

बुधवार को भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने झज्जर के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि वे चार बार सांसद चुने गए हैं और उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है और यह बात प्रदेश की जनता भी मानती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नौकरी के लिए खर्ची-पर्ची चलती थी, आज उसी का परिणाम है कि कांग्रेस नेताओं को जनता के सामने रोना पड़ रहा है। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के चलते ही आज भारत को विश्व में अलग पहचान मिली है।

# 10वीं में 30 और 12वीं में 20 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक

■ कक्षा 12वीं में प्रियांशी ने 98 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया विद्यालय में पहला स्थान



**रोहतक।** पटवापुर स्थित संस्कार वैली पब्लिक स्कूल का 12वीं व 10वीं का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रियांशी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मोहित कौशिक ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व 95 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान अंजू, वंशिका व हेमा ने हासिल किया।

90 प्रतिशत से अधिक अंक 20 विद्यार्थियों ने व 80 प्रतिशत से अधिक अंक 40 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। 10वीं में झलक ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नामरोशन किया। चिराग मग्गू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तीसरा स्थान अभिषेक व पावनी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके हासिल किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक 30 विद्यार्थियों ने व 80 प्रतिशत से अधिक अंक 20 विद्यार्थियों ने हासिल किए। भूगोल में हेमा व राजनीतिक शास्त्र में मुस्कान ने 100, व 10वीं कक्षा के छात्र आरव ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा में राजनीतिशास्त्र में प्रियांशी, मोहित, अंजली व तन्वी के 9, भूगोल में प्रियांशी मुस्कान ने 99, कक्षा 10वीं में अंगेजी वगणित में झलक ने 99 अंक हासिल किए। विद्यालय संचालक सुभाष रूहिल व निदेशिका यशवंती रूहिल व अध्यापकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

■ 12वीं कक्षा से सुप्रिया, हिमांशु वर्मा ने भूगोल में 100 तथा हिंदी एवं फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक प्राप्त किए

■ 35 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक प्राप्त किए



**रोहतक।** नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाढोत रोड का दसवीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12वीं कक्षा से सुप्रिया, हिमांशु वर्मा ने भूगोल में 100 तथा हिंदी एवं फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक प्राप्त किए। रौनक, नैंसी, नीशू ने भी कई विषयों में 99 अंक प्राप्त किए हैं।

35 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा से पायल व नैंसी ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रियंका, महक, सानिया तीनों ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुप्रिया, अंकित कुमार, हिमांशी, आदित्य, अक्षय कुमार, मोहंती एवं निशु ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा में दीपी ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए।

स्कूल निदेशक सुरेश चंद्र ने विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल शकुंतला अहलावत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्लॉट अलॉटमेंट के लिए अधिकारी से मिले लोग

■ हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद सेक्टर-6 के प्लाटधारकों को प्लाट नहीं मिले



**रोहतक।** हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद सेक्टर-6 के प्लाटधारकों को अब तक प्लाट नहीं मिले हैं। अलॉटमेंट की मांग को लेकर बुधवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑफिस पहुंचे और संपदा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें जल्द प्लॉट अलॉटमेंट करने की मांग की है। पत्र में ये भी कहा गया है कि अगर प्लॉट अलॉट नहीं किए गए तो कोर्ट के अवमानना का मामला दायर करेंगे। शीलकराम,राधेश्याम, रूपेंद्र, देवेंद्र कुमार समेत कई और प्लॉटधारकों ने संपदा अधिकारी को लिखे पत्र में बताया है कि उन्हें नवंबर 2011में लक्की ड्रा के माध्यम से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने प्लॉट किए गए थे। लेकिन प्राधिकरण ने प्लॉट अलॉट नहीं किए। प्राधिकरण की मनमर्जी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका पर फैसला करते हुए कोर्ट ने गत वर्ष प्राधिकरण को प्लॉट अलॉट करने के आदेश दिए।

# कांग्रेस सरकार बनने पर अग्निपथ योजना खत्म कर रेगुलर भर्ती शुरू करेंगे : दीपेंद्र

■ फौजियों की खान माने जाने वाले कोसली में अग्निपथ योजना ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी : दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बुधवार को कोसली हलके में चुनाव प्रचार किया और जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना और कौशल रोजगार निगम के जरिये प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी के गर्त में पहुंचा दिया। फौजियों की खान माने जाने वाले कोसली में अग्निपथ योजना ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी। दीपेंद्र हुड्डा ने भरोसा दिया कि इस बार कांग्रेस सरकार बनने पर क्षेत्र के युवाओं के लिए आईएमटी मानेसर की तर्ज पर कोसली में औद्योगिक क्षेत्र (आईएमटी) स्थापित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिले। कांग्रेस सरकार बनने पर अग्निपथ योजना खत्म कर रेगुलर भर्ती शुरू करेंगे, पहले से भर्ती अग्निवीरों को पक्का करेंगे। कोसली हलके के गांव भोतवास अहिर, बंगडवा, माखरीया, जाडरा, देहलावास, गुलाबपुरा, भटेडा, रोलियावास, आलियावास, नांगल (मुंदी), चौकी नंबर-2, कुमरोधा, मोतला खुर्द, सीहा, लुहाना, धवाना, मंदोला, बोहका, ऊंचा, ढाणी जरावत, निमोठ, जैनाबाद, ढाणी ठेठराबाद, डहीना, कंवाली, नांगल खेड़ी, दखोरा, खेड़ी, रामगढ़, ढाणी बालधन, गोठड़ा, लिसान, कारोली, बव्वा,बिसोवा, बहाला, नया गाँव (जाट), गढ़ी, मुमताज़पुर, भडंगी, झोलरी, खुर्शीद नगर आदि इलाकों में उनका चुनावी कार्यक्रम था।




# विकल्प स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल का कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं से लक्ष्य ने मैथ्स में 99, नैतिक ने साइंस में 95, पूर्वी ने हिन्दी में 95, मेघना ने सोशल स्टडी में 93 व मानवी ने इंग्लिश में 92 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा बारहवी से प्रियांशु ने राजनीति शास्त्र में 98, मन्नत ने अंग्रेजी में 97, पारुल ने अकाऊंट्स में 95, दीक्षा ने बायोलॉजी में 94 व सौरव ने म्यूजिक में 99 अंक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, सहायक निदेशिका किरन खुराना, कोर्डिनेटर मंजु, सविता, श्वेता, रेणु, निशिता व गुरुदत्त उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### एमडीएन की हर्षिता ने स्केटिंग में जीता पदक



**रोहतक।** एमडीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा हर्षिता ने गोवा के पणजि में हुई स्केटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। हर्षिता ने 11 और 12 मई को अंडर 17 आयु वर्ग कैटेगरी में स्केटिंग में 6 बैंडी फेडरेशन कप के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने छात्रा को शानदार सफलता पर बधाई दी

### आशीष ने 96 और सोनल ने 95 फीसदी अंक लिए




**रोहतक।** एसएम मैमोरियल स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र आशीष ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। सोनल ने 95 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीयद्ध और नमन ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नेहा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और हिमांशी ने 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा खुशी ने 89 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल में 32 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया।



### आदर्श स्कूल मदीना का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार

■ तमन्ना, वर्षा, तनुज, भविष्य, शैंकी व रीमा ने ललित कला में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए

**महम।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना का परिणाम शानदार रहा है। बारहवीं कक्षा में छात्र ज्योत प्रकाश ने 96 प्रतिशत व छात्रा वर्षा व शैंकी ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तमन्ना, वर्षा, तनुज, भविष्य, शैंकी व रीमा ने ललित कला विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये हैं। राजनितिक विज्ञानं में ज्योत प्रकाश ने 99 व शैंकी ने 98 अंक प्राप्त किये हैं। 25 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवीं में छात्रा कीर्ति ने 92 प्रतिशत और कनिका ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। 13 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्या व स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनको बधाइयाँ दी। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ में ख़ुशी का माहौल छाया रहा। स्कूल प्रधानाचार्या मंजूलता ने विद्यार्थियों की इस उप्लब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### डीजीवी का परिणाम शत प्रतिशत



**रोहतक (वि)।** डीजीवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं व 10वीं कक्षाओं केपरिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में इप्शिता 95 प्रतिशत अंकों से प्रथम रही।निष्ठा 94.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही। कला संकाय में हर्षिता ने96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिशा ने 94.8प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेटलशर्मा ने कहा कि वाणिज्य संकाय में अमीठी दुआ ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथप्रथम व मनन ने 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।